



अंक : 569 वर्ष 43

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

राँची, 30 जून, 2021


वायु, जल, जमीन, वनस्पति एवं जंतुओं विशेषतया प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र के बहाली सहित धरती के प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए

# सीसीएल में 'विश्व पर्यावरण दिवस 2021' मनाया गया

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 05 जून को मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची में आयोजित पर्यावरण कार्यक्रम में निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह , निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल एवं सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा ने में 'पर्यावरण ध्वज' फहराया। अवसर विशेष पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित सीसीएल कर्मियों एवं अन्य ने यह शपथ लिया कि वायु, जल, जमीन, वनस्पति एवं जंतुओं विशेषतया प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र के बहाली सहित धरती के प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का पूरा ध्यान रखेंगे। साथ ही वर्तमान और भविष्य के विकास हेतु मानवीय कार्य कलापों से उत्पन्न दुष्परिणामों को कम करने का प्रयास रहेगा।

मुख्यालय परिसर में निदेशकगण ने पौधारोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पर्यावरण दिवस के अंतर्गत सीसीएल कर्मियों एवं बच्चों के बीच ऑनलाईन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन में सीसीएल द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में सतत प्रयास किये जा रहे हैं। सभी कमाण्ड क्षेत्रों में ईको–पार्क स्थापित किये गये हैं साथ ही वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है।

निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि अपने जीवन में पर्यावरण संरक्षण को सर्वोपरि स्थान देना होगा ताकि हमारी अगली पीढ़ी पर्यावरण का लाभ ले सके।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शपथ लेते निदेशकगण एवं अन्य

निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह ने कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल का 'पर्यावरण संदेश' पढ़कर सभी को सुनाया एवं सभी से पर्यावरण में अपना योगदान अधिक से अधिक देने के लिए प्रेरित किया। निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की नितांत आवश्यकता है ताकि आने वाली पीढ़ी को इसका लाभ मिल सके। सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा ने कहा कि आज पूरा विश्व कोरोना महामारी का सामना कर रही है। यह महामारी इस बात का संकेत है कि पर्यावरण से छेड़–छाड़ मानव जाति के लिए कितना नुकसानदायक है।

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों, परियोजनाओं में विश्व पर्यावरण दिवस 2021 मनाया जा रहा है। हर वर्ष पर्यावरण दिवस पर एक नया थीम लिया जाता है, इस वर्ष का थीम 'पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली (Eco System Restoration)'' है। पारिस्थितिक तंत्र जीवन हेतु अमृत हैं जो पृथ्वी पर जीवन बनाए रखती है। संरक्षण तथा प्रतिबद्धता के बूते सभी प्रकार के पारिस्थितिक तंत्रों – वन, महासागर, प्राकृतिक आवास, शहरों सहित कृषि भूमि का बहाल किया जा सकता है। सीसीएल सहित कोल इंडिया पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता के प्रति सचेत एवं संवेदनशील है तथा सतत खनन पद्धतियों का अध्यवसायपूर्वक पालन करता है। कोल इंडिया द्वारा 2020–21 के दौरान 862 हेक्टेयर क्षेत्र से करीब 2 मिलियन पौधारोपण किया गया है जो निर्धारित लक्ष्य से 16 प्रतिशत अधिक है। उपग्रह के माध्यम से किये जा रहे निगरानी से पता चलता है कि प्रति वर्ष संयुक्त रूप से 5 मिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक कोयला तथा ओबी उत्पादन करने वाली 51 प्रमुख खुली खानों में 67 प्रतिशत उत्खनित क्षेत्र के पूर्ववत रूप दिया जा चुका है।

## सीपीआरएमएस के सदस्यों के लिए 'हेल्प डेस्क' का उद्घाटन




'हेल्प डेस्क' का उद्घाटन करते सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद

दिनांक 07 जून को दरभंगा हाउस, राँची में कोल इंडिया की महत्वाकांक्षी योजना 'सेवानिवृत्ति उपरांत अंशदायी चिकित्सा योजना (सीपीआरएमएस)' के सद. स्यों के लिए 'हेल्प डेस्क' का शुभारंभ किया गया। सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने इस हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल सहित सीएमएस सीसीएल डॉ. डी.के.एल. चौहान, डॉ. मीता पॉल, डॉ वी.के. सिंह, डॉ रत्नेश जैन, डॉ अंजना झा, डॉ उत्पला सहित अन्य अधिकारी एवं चिकित्सकगण सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे। निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल हुये।

इस हेल्प डेस्क के माध्यम से सभी सेवानिवृत्त कर्मी अपने घरों से सीपीआरएमएस संबंधित जानकारी, सुझाव आदि प्राप्त कर सकते हैं। हेल्प डेस्क का मोबाईल नम्बर 8987784106 है, जिस पर सेवानिवृत्त कर्मी कार्यालय अवधि में फोन से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मी हमारे परिवार के सदस्य हैं और यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि परिवार के वरिष्ठ सदस्यों को किसी भी प्रकार का कोई समस्या ना हो। इस दिशा में यह हेल्प डेस्क एक सार्थक पहल है।

## मुख्यालय, राँची में 600 कर्मियों सहित आमजन ने कोरोना का वैक्सीन लिया

झारखण्ड सहित पूरे देश में कोरोना महामारी का प्रकोप निरंतर जारी है। सीसीएल कर्मी भी इस संक्रमण से प्रभावित हो रहे हैं। कोविड–19 के संक्रमण को रोकने के उद्देश्य से दरभंगा हाउस, राँची स्थित 'डिस्पेंसरी' में दो दिवसीय – 10 जून एवं 11 जून को टीकाकरण कैम्प का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें 18 एवं 45 वर्ष की आयु से ऊपर के सीसीएल कर्मियों एवं उनके परिवार सहित आमजन को भी वैक्सीन लगाया गया। इस टीकाकरण केन्द्र में को–वैक्सीन एवं कोविशील्ड का व्यवस्था किया गया था।

इस कैम्प में सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये 350 कर्मियों सहित आमजन का टीकाकरण किया गया जिसमें 45 वर्ष की आयु से उपर के 200 व्यक्तियों को को–वैक्सीन का दूसरा डोज दिया गया तथा 18 वर्ष की आयु से ऊपर 150 व्यक्तियों को कोविशिल्ड का पहला डोज दिया गया। इसी तरह विगत 10 जून, 2021 को भी दोनो आयु वर्ग वाले अर्थात 18 एवं 45 वर्ष की आयु से ऊपर के 250 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने पुनः सीसीएल कर्मियों सहित स्टेकहोल्डर्स व आमजन से अपील किया है कि कोविड टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए स्वयं व परिवार में 18 वर्ष एवं उससे उपर के आयुवर्ग के सदस्यों को जल्द से जल्द से टीका लगवायें ताकि इस महामारी से बचा जा सके। सीसीएल राज्य सरकार के सहयोग से अधिक से अधिक संख्या में सीसीएल परिवार सहित आमजन को टीका लगवाने में प्रयासरत है।

वैक्सीनेशन में सीसीएल सीएमएस, प्रभारी, डॉ. डी.के.एल. चौहान, डॉ आर.के. जैन, डॉ. आर.के. सिंह, डॉ. आर.के. जायसवाल, डॉ अरविन्द कुमार, आमोद, नर्स सनार्थी, सुनिता, कंचन, श्वेता एवं अन्य पारा मेडिकल स्टाफ का सक्रिय योगदान रहा।

### सीसीएल एवं चतरा जिला प्रशासन के बीच एमओयू

## आंगनबाड़ी केन्द्र का नवीनीकरण, डीजिटल क्लास रूम एवं ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किये जायेंगे

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद के मार्गदर्शन में सीएसआर के अंतर्गत कंपनी स्थानीय प्रशासन व राज्य सरकार के साथ मिलकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को मूर्त रूप दे रहा है। इसी कड़ी में सीसीएल एवं चतरा जिला प्रशासन के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया। इस एमओयू के अंतर्गत चतरा जिला प्रशासन को लगभग 3 करोड़ रूपये प्रदान किया जायेगा जिससे जिले के 100 आंगनबाड़ी केन्द्र को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र में विकसित करने के साथ–साथ 30 स्कूलों में 54 डिजिटल क्लास रूम एवं कम्यूनिटी हेल्थ सेन्टर, टंडवा में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किया जायेगा।

जिला प्रशासन की ओर से जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुख्य सिविल सर्जन एवं सीसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री ए के सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू के अंतर्गत सीसीएल द्वारा जिला प्रशासन को 100 आंगनबाड़ी केन्द्र को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र में विकसित करने के लिए 1.5 करोड़ रूपये दिये जायेंगे। प्रत्येक स्कूल पर 1.5 लाख रूपये खर्च किये जायेंगे जिससे भवन की मरम्मत, वॉल पेंटिंग एवं बच्चों के लिए खेल उपकरण आदि उपलब्ध कराया जायेगा। इसी प्रकार चतरा जिले के 30 स्कूलों में 54 डिजिटल क्लास रूम के लिए 1.03 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। साथ ही कम्यूनिटी हेल्थ सेंन्टर, टंडवा में ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना के लिए 60 लाख रूपया का एमओयू किया गया।

## सीसीएल में "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" मनाया गया

"अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" के अवसर पर कोविड–19 एवं भारत सरकार के प्रोटोकॉल के अंतर्गत कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी सीसीएल वृहद परिवार अपने–अपने घरों में ही परिवार के साथ योगाभ्यास किया। सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल, सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा ने अपने आवास पर योगाभ्यास किया और इस वर्ष की थीम 'योग फॉर वेलनेस' में अधिक से अधिक शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' की बधाई देते हुये कहा कि वर्तमान में कोरोना महामारी के कारण ज्यादातर हम सभी घर में ही बंद है ऐसी स्थिति में शरीर को स्वस्थ्य रखने का प्रमुख माध्यम 'योग' है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ्य शरीर के लिए आवश्यक है कि योग को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाए और नियमित रूप से योगाभ्यास करें ।

### सीएमडी ने जेएसएसपीएस कैडेट्स चंचला कुमारी को सम्मानित किया

## चंचला कुमारी अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करेगी

जेएसएसपीएस की कैडेट चंचला कुमारी सब जूनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में 40 किलोग्राम वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। चैंपियनशिप का आयोजन बुडापेस्ट, हंगरी में 19 जुलाई, 2021 से 25 जुलाई 2021 तक किया जा रहा है। चंचला कुमारी ने यह स्थान नई दिल्ली में आयोजित सलेक्शन ट्रायल में प्रथम स्थान प्राप्त कर हासिल की है। ओरमांझी, राँची (झारखंड) की रहने वाली 14 वर्षीय चंचला कुमारी जेएसएसपीएस में प्रथम बैच की है। इस उपलब्धि से पहले भी वह विभिन्न राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर राज्य एवं अपने माता–पिता का नाम रौशन कर चुकी है।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने जेएसएसपीएस कैडेट्स चंचला कुमारी को अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व हेतु चयन के लिए सम्मानित किया। निदेशक



(कार्मिक) श्री विनय रंजन ने जेएसएसपीएस कैडेट चंचला कुमारी को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी और कहा कि आप इसी तरह अपना स्वर्णिम प्रदर्शन जारी रखें, सीसीएल परिवार सदैव आपके साथ है।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने जेएसएसपीएस कैडेट्स चंचला कुमारी को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि आप इसी तरह अपना स्वर्णिम पदर्शन जारी रखें। सीसीएल सहित पूरे झारखण्ड को आपसे बहुत उम्मीदें हैं कि आप राज्य और देश का नाम अंतर्राष्ट्रीय पटल पर उँचा करेंगी।

इस अवसर पर खेल अकादमी के सीईओ श्री यू.के. विद्यार्थी, श्री ए.डी वाधवा, श्री राजेश जायसवाल, श्री श्रीकान्त पुरूवार, श्री मुकुल टोपो, श्रीमती पुष्पा एवं अन्य उपस्थित थे।


सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, सहायक प्रबंधक (सीडी), दिविक दिवेश, सहायक प्रबंधक (राजभाषा), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)